अमर उजाला मंगलवार । 15 सितंबर 2015

आईआईएसआर को राष्ट्रपति ने दिया राजभाषा पुरस्कार

लखनऊ। विज्ञान भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने लखनऊ के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सुगरकेन रिसर्च (आईआईएसआर) की प्रकाशित राजभाषा पत्रिका इक्षु को प्रथम पुरस्कार दिया। संस्थान के निदेशक डॉ. ओके सिन्हा ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया। राजभाषा कीर्ति पुरस्कार में यह अवार्ड मिला है। इस कार्यक्रम में खुद केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर निदेशक के साथ इक्षु के संपादक डॉ. प्रवीण कुमार सिंह और हिंदी अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह भी शामिल हुए।